Title: Request to take all necessary steps to run the joint power plant of State Government of Bihar and Aditya Birla Group's Caustic Chemicals Limited, Palamu.

श्री ब्रजमोहन राम (पलामू) : मान्यवर, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए धन्यवाद। बिहार स्थित हमारे पलामू जिला के रेहला में बिहार सरकार एवं आदित्य बिड़ला ग्रुप का कास्टिक कैमिकल्स लि. नाम का एक संयुक्त उद्यम है। इसने 30 मैगावाट का एक पावर प्लांट 150 करोड़ रुपये की लागत से बनाया है। यह बनकर तैयार है। उसे बिहार सरकार की उदासीनता एवं राजनैतिक वर्चस्व को लेकर विद्युत उत्पादन प्रारम्भ करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। राज्य के वन विभाग द्वारा भी उसे स्वीकृति नहीं दी गयी है। वहां 30 मैगावाट विद्युत का उत्पादन होगा, जिसमें से कंपनी की आवश्यकता मात्र 23 मैगावाट की है तथा शेष 7 मैगावाट राज्य विद्युत परिषद को उसे देना है। साथ ही साथ बिहार राज्य विद्युत परिषद जो 5 मैगावाट विद्युत अभी कास्टिक सोडा को देती है उसका लोड भी कम होगा, जिससे विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा और लघु उद्योगों को अधिक विद्युत मिलेगी। उसमें उत्पादन न होने से 5 लाख रुपये का नुकसान प्रतिदिन कास्टिक प्लांट को हो रहा है।

मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि उक्त पावर प्लांट को चालू करने हेतु समुचित कार्रवाई की जाये एवं राज्य सरकार से अनुरोध किया जाये कि जनहित एवं फैक्ट्री हित में उसे यथाशीघ्र चालू किया जाये।